**प्रेस नोट जनपद फतेहपुर**
**दिनांक 31.10.2025**

**पुलिस मुठभेड़**

**थाना कल्यानपुर क्षेत्रान्तर्गत एक ही दिन में लूट की 03 घटनाओं को कारित करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 24 घण्टे के अंदर लूट की तीनों घटित घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये 03 शातिर लुटेरे थाना कल्यानपुर क्षेत्रांर्तगत जुगतखेड़ा रोड ग्राम दूधीकगार के पास पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 03 देशी तमंचा, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 02 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं लूटे गये 10480 रुपये नगद बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण-** थाना कल्यानपुर पर दिनांक 30.10.2025 को पंजीकृत मु0अ0सं0- 217/25 धारा 309(4) बीएनएस, मु0अ0सं0- 218/25 धारा 309(6) बीएनएस व मु0अ0सं0- 219/25 धारा 309(4) बीएनएस की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना कल्यानपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 31.10.2025 की रात्रि में थाना कल्यानपुर क्षेत्रांतर्गत गुनीर तिराहे मोटू होटल के पास चेकिंग की जा रही थी कि तभी एक अपाचे मोटरसाइकिल से 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये, जिनको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो संदिग्धो द्वारा तेजी से मोटर साइकिल वापस मोड़कर **जुगत खेड़ा रोड ग्राम दूधीकगार** की तरफ भागने का प्रयास किया, तो ग्राम दूधीकगार में श्री सदगुरु जूनियर हाईस्कूल के पास फिसल कर मो0सा0 सहित गिर पड़े तथा अपने आप को घिरता हुआ देख पुलिस की तरफ लक्ष्य कर फायरिंग करने लगे, आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जबावी फायरिंग में अभि0 विवेक यादव के **दाहिने पैर** में गोली लगने से घायल हो गया तथा अभियुक्तगण राजन यादव व शिवम यादव को घेराबंदी कर पकड लिया गया। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु **सीएचसी गोपालगंज** ले जाया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 3 देशी तमंचा, 3 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं लूटे गये 10480 रुपये नगद बरामद हुये है।

**वर्तमान में की गयी कृत कार्यवाही का विवरणः-** उपरोक्त प्रकरण में थाना कल्यानपुर पर मु0अ0सं0- 220/25 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से अपराध व आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

**अनावरित अभियोग-**
1.मु0अ0सं0 217/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
2.मु0अ0सं0 218/2025 धारा 309(6) बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
3.मु0अ0सं0 219/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर

**1.नाम पता अभियुक्तगण घायल/गिरफ्तार**
1.विवेक यादव पुत्र स्व0 राजेश यादव निवासी गहबराखेडा मजरे गुनीर थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 33 वर्ष (**घायल**)
2.शिवम यादव पुत्र राममनोहर निवासी पालीखेडा थाना कल्यानपुर फतेहपुर उम्र 23 वर्ष
3.राजन यादव पुत्र स्व0 अनिल यादव निवासी गहबराखेडा मजरे गुनीर थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर उम्र 30 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 3 देशी तमंचा,
2. 3 जिन्दा कारतूस 315 बोर,
3. 2 खोखा कारतूस
4. घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल
5. 10480 रुपये नगद बरामद।

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास (उपरोक्त तीनों अभियुक्तो का )**

1.मु0अ0सं0 217/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
2.मु0अ0सं0 218/2025 धारा 309(6) बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
3.मु0अ0सं0 219/2025 धारा 309(4) बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
4.मु0अ0सं0 128/25 धारा 305 बीएनएस थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
5.मु0अ0सं0 220/25 धारा 109/3(5) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम पुलिस टीम —**

1. प्र0नि0 अखिलेश कुमार सिंह थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर
2.उ0नि0 चंदन सिंह
3.उ0नि0 सुमित तिवारी
4.व0उ0नि0 रविशंकर कुमार
5. उ0नि0 कमलेश सरोज
6.उ0नि0 उमेश कुमार
7.उ0नि0 चंद्रसेन य़ादव
8.का0 वसीम खान
9.का0 दुर्गेश खान
10.का0 सत्येन्द्र राजावत

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद फतेहपुर**